# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026



Yesterday, Quiz:

## Q. राजस्थान सरकार के किस संयुक्त उपक्रम को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित 'डायमण्ड अवार्ड' से सम्मानित किया गया है?

(A) राजस्थान रिन्यूएबल्स लिमिटेड

(B) राजस्थान स्टेट गैस लिमिटेड

(C) राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड

(D) इनमें से कोई नही

राजस्थान सरकार के संयुक्त उपक्रम राजस्थान स्टेट गैस लिमिटेड (आरएसजीएल) को स्मार्ट गैस वितरण के क्षेत्र में आईओटी आधारित तकनीक के प्रभावी उपयोग और नवाचार के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित 'डायमण्ड अवार्ड' से सम्मानित किया गया है।

- नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में इंडिया स्मार्ट ग्रीड फोरम द्वारा यह सम्मान प्रदान किया गया।
- राजस्थान स्टेट गैस लिमिटेड की ओर से उपमहाप्रबंधक विवेक श्रीवास्तव और सीपी चौधरी ने यह पुरस्कार प्राप्त किया
- उन्नत आईओटी तकनीक के माध्यम से सीएनजी स्टेशनों का संचालन रियल टाइम निगरानी प्रणाली के आधार पर किया जा रहा है।

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

## Yesterday Revision

1. राजस्थान सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री मातृत्व पोषण योजना (MMMPY) योजना के अंतर्गत दूसरी संतान की गर्भवती महिलाओं एवं स्तनपान कराने वाली माताओं को उनकी तथा शिशु की पोषण आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु लड़की के जन्म पर ₹8,000 (आठ हजार रुपए) MMMPY + PMMVY के माध्यम से एवं लड़के के जन्म पर ₹6,000 (छह हजार रुपए) MMMPY के माध्यम से सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में हस्तांतरित किए जाते हैं।

02. सवाई मानसिंह चिकित्सालय, जयपुर के चरक भवन में देश का पहला अंतरराष्ट्रीय स्तर का इंस्टीट्यूट ऑफ डमेटोलॉजी स्थापित किया गया है

03. राजस्थान दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की प्रेरणा से, स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के अंतर्गत, प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में 14 से 19 मार्च 2026 तक, 'स्वच्छता सप्ताह' का आयोजन किया जाएगा।

04. जयपुर के हर्ष चौधरी मंगोलिया में आयोजित होने वाली एशियन चैम्पियनशिप में बॉक्सिंग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे

05. प्रोजेक्ट ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (GIB) के तहत राजस्थान के जैसलमेर जिले के कंजर्वेशन ब्रीडिंग सेंटर में इस सप्ताह दो नए चूज़ों का सफलतापूर्वक जन्म हुआ।

**01. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(A) राजस्थान दिवस के अवसर पर 19 मार्च को प्रदेश में विकसित ग्राम-शहरी वार्ड अभियान शुरू किया जाएगा

(B) उद्देश्य : ग्राम पंचायतों व शहरी वार्डों में नियोजित विकास के लिए मास्टर प्लान तैयार करना।

**सही विकल्प चुनिए:**

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान दिवस के अवसर पर शुरू होगा विकसित ग्राम-शहरी वार्ड अभियान
- राज्य सरकार बजट घोषणा की अनुपालना में ग्राम पंचायत स्तर एवं शहरी नगर निकाय क्षेत्रों में विकास का मास्टर प्लान तैयार करने के लिए 19 मार्च से विकसित ग्राम-शहरी वार्ड अभियान की शुरुआत करने जा रही है
- विकसित गांव ही विकसित राजस्थान-विकसित भारत का आधार है और इस दिशा में यह अभियान ऐसा मॉडल बनेगा, जिसके माध्यम से स्थानीय आकांक्षाओं पर आधारित विकास का रोडमैप गांवों तक पहुंचेगा।
- उद्देश्य : ग्राम पंचायतों व शहरी वार्डों में नियोजित विकास के लिए मास्टर प्लान तैयार करना। प्राथमिकता क्षेत्र : शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, बिजली, सड़क सहित बुनियादी सुविधाओं का विकास।

02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—

(1) वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री 2026 में जयपुर के नरेश कुमार ने कांस्य पदक जीता

(2) यह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 8 से 13 मार्च 2026 तक नई दिल्ली में आयोजित हुई थी

सही विकल्प चुनें

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं



(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री 2026 में रेलवे सिग्नल विभाग, जयपुर के नरेश कुमार ने एफ55 वर्ग की शॉटपुट स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।
- यह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 8 से 13 मार्च 2026 तक नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू में आयोजित हुई।
- प्रतियोगिता में मेजबान भारत का दबदबा रहा और भारतीय खिलाड़ियों ने कुल 208 पदक (75 स्वर्ण, 69 रजत और 64 कांस्य) जीतकर पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया।
- इस प्रतियोगिता में रूस, नेपाल, भूटान, हांगकांग, सर्बिया, बोस्निया और मिस्त्र सहित आठ देशों के 257 तथा भारत के 219 एथलीटों ने भाग लिया।

03. हाल ही में विश्व उपभोक्ता दिवस पर राज्य स्तरीय उपभोक्ता सम्मेलन  कहां आयोजित किया गया?

(A) जयपुर

(B) जोधपुर

(C) अजमेर

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- विश्व उपभोक्ता दिवस पर राज्य स्तरीय उपभोक्ता सम्मेलन 15 मार्च को कांस्टीट्यूशन क्लब, जयपुर में आयोजित किया गया
- विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस (World Consumer Rights Day) हर साल 15 मार्च को मनाया जाता है
- उपभोक्ता मामलात विभाग का आयोजन सुरक्षित उत्पाद-आश्वस्त उपभोक्ता थीम आधारित।
- राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष एपी साही मुख्य
- राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष देवेन्द्र कच्छावा

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना जयपुर जिला प्रदेश में प्रथम स्थान।

(2) पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना वर्ष 2022 में शुरू हुई थी

**सही कथन चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना जयपुर जिला प्रदेश में प्रथम स्थान।
- 2025 में शुरू की गई इस योजना के पहले चरण में 5,000 से अधिक गांवों के 30,000 से अधिक परिवारों को स्वरोजगार, कौशल विकास, स्वास्थ्य सेवाओं और सामाजिक सुरक्षा से जोड़कर विकसित किया जा रहा है
- स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के तहत प्राइमरी कलेक्शन ऑफ सॉलिड वेस्ट तथा रिमूवल ऑफ जीवीपी में शत-प्रतिशत उपलब्धि के साथ जयपुर जिला राज्य में प्रथम।
- प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के तहत क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल श्रेणी में जयपुर जिला राज्य में प्रथम।

05. हाल ही में अखिल भारतीय इलेक्ट्रिसिटी स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड पावरलिफ्टिंग एंड बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में राजस्थान ने कौनसा स्थान प्राप्त किया है

(A) पहला

(B) तीसरा

(C) दूसरा

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- अखिल भारतीय इलेक्ट्रिसिटी स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड पावरलिफ्टिंग एंड बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप का समापन कोटा थर्मल के सामुदायिक भवन में हुआ।
- प्रतियोगिता में पावरलिफ्टिंग टीम चैंपियनशिप में राजस्थान ने पहला स्थान, मध्य प्रदेश ने दूसरा और महाराष्ट्र ने तीसरा स्थान हासिल किया।
- वहीं बॉडी बिल्डिंग टीम चैंपियनशिप में महाराष्ट्र पहले, हरियाणा दूसरे और पंजाब तीसरे स्थान पर रहा।
- बॉडी बिल्डिंग में पंजाब के नरेंद्र सिंह को विद्युतश्री और मध्य प्रदेश के रणजीत सिंह को पावरमैन का खिताब मिला। अंतिम दिन पावरलिफ्टिंग के 93 किलो वर्ग में राजस्थान के अजीत सिंह ने स्वर्ण, 105 किग्रा वर्ग में हरीश कुमार मीना ने स्वर्ण पदक जीता।

# Sujas QUIZ

जयपुर, शनिवार, 14 मार्च, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-24

1. **खिलाड़ियों** की भविष्य की चिंताओं को दूर करने और जोखिम से बचाव के लिए 'स्पोर्ट्स लाइफ इंश्योरेंस स्कीम' के तहत कितने रुपये तक का दुर्घटना और जीवन बीमा किया जा रहा है?
(A) 10 लाख रुपये (B) 15 लाख रुपये
(C) 20 लाख रुपये (D) 25 लाख रुपये

2. **खिलाड़ियों** के बेहतर अभ्यास के लिए वर्तमान राज्य सरकार द्वारा पिछले दो वर्षों में लगभग कितनी लागत से नए खेल उपकरण खरीदे गए हैं?
(A) 6.50 करोड़ रुपये
(B) 10 करोड़ रुपये
(C) 15 करोड़ रुपये
(D) 19 करोड़ रुपये

3. **पेरिस** ओलंपिक 2024 में राजस्थान के खिलाड़ी किस स्थान पर रहे ?
(A) दूसरे स्थान पर
(B) तीसरे स्थान पर
(C) चौथे स्थान पर
(D) पांचवें स्थान पर

4. **खेलो** इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2025 में राजस्थान के खिलाड़ियों ने कितने पदक जीते?
(A) 34 (B) 30
(C) 24 (D) 20

5. **विश्व** स्वास्थ्य संगठन के मापदंडों के अनुसार किसी भी देश या राज्य की जीडीपी का कितना प्रतिशत स्वास्थ्य पर खर्च होना चाहिए, जिसे राजस्थान ने हासिल कर लिया है?
(A) 5.0 प्रतिशत
(B) 6.5 प्रतिशत
(C) 7.5 प्रतिशत
(D) 8.5 प्रतिशत

**Today, Quiz:**

**Q. राजस्थान के सभी नगरीय निकायों में 'स्वच्छता सप्ताह' का आयोजन कब किया जा रहा है?**

(A) 13 से 18 मार्च 2026 तक

(B) 15 से 21 मार्च 2026 तक

(C) 14 से 19 मार्च 2026 तक

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW | PRESS BELL ICON | Like | Share

FOLLOW ON INSTAGRAM
GK Search Engine

FOLLOW ON FACEBOOK
GK Search Engine

JOIN US ON TELEGRAM
GK Search Engine